उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण

पत्र सख्या-1133 /वि0प्रा0(2025-26) दिनाक : 03/12/2025

कार्यालय : मोतीनगर कार्यालय/सह-व्यवसायिक काम्पलेक्स, उन्नाव

दूरभाष-0515-2821690, फैक्स नं0 : 0515-2821573

Website : usdaunnao.in, Email- unnaoda@yahoo.com , udaunnao.cp@gmail.com

## ई–निविदा आमत्रण सूचना

उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 राज्य के किसी अन्य विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद अथवा लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म्स से ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% G.S.T (रू0) | श्रेणी | निविदा प्रपत्र डाउन लोड/अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | ई- निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि आन लाइन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | कार्य की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गाँधी नगर तिराहे पर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | 20,22,900.00 | 2,02,300.00 | 1250 +225 | सी/टू बिड | 05.12.2025 | 11.12.2025/ अपराह्न 3.00 बजे | 11.12.2025/ अपराह्न 4.00 बजे | 02 माह |

1. उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 राज्य के अधीन अन्य किसी विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद अथवा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती हैं। उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण में पंजीकृत निविदादाताओं के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओं को सम्बन्धित विभाग का पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदादाताओं को अनुबन्ध के समय उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण में नियमानुसार अपनी फर्म का पंजीकरण कराना होगा।
2. निविदा दाता द्वारा अर्ह पंजीकरण प्रमाणपत्र(जिस विभाग मे पंजीकृत हो) की प्रमाणित प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है।
3. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें व अन्य समस्त अभिलेख, उ0 प्र0 इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निर्धारित अवधि में देखे जा सकते हैं तथा इसी वेबसाइट से डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे।
4. निविदा मे भाग लेने के इच्छुक ठेकेदारों द्वारा उपरोक्त तालिका मे दिये गये विवरण के अनुसार ई-निविदायें, निर्धारित तिथि/समय तक अनिवार्य रूप से वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी जायें। ऑनलाइन प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को अपराह्न 4.00 बजे खोली जायेंगी।
5. निविदा दाता को उपरोक्त सूची मे अंकित धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य(18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) प्राधिकरण के बैंक ऑफ बड़ौदा में संचालित खाता सं0 12050100013012, आई0एफ0एस0सी0 कोड- BARB0UNNAOX में R.T.G.S. कर जमा रसीद स्कैन कर निविदा के साथ संलग्न करना तथा विवरण अपलोड करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को अपने बैंक का नाम, खाता संख्या व बैंक का आइ.एफ.एस.सी. कोड तथा उस खाते की एक निरस्त चेक स्कैन कर निविदा के साथ अपलोड करना होगा।

Vandna/infra-2023 letter (43)

7. इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें क्योंकि प्रश्नगत निविदाओं के सम्बन्ध मे किसी भी परिवर्तन/सशोधन तथा निविदा की तकनीकी बिड मे अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय की सूचना उक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जायेगी। सक्षम सेवा प्रदाता से उपलब्ध कराये गये डिज़िटल सिग्नेचर धारक पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ही ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है।

8. निविदा की दरें निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि से 90 दिन तक वैद्य होने के सम्बन्ध में रू0 100/- के नॉन जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर अण्डरटेकिंग निविदा के साथ अपलोड करनी आवश्यक होगी।

9. निविदादाता को ओवरऑल परसेंटेज रेट ही देना होगा। साथ ही निविदादाता द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग-12 के शासनादेश सं0-622/23-12 2012-2आडिट08 टी0सी0-2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार बी0ओ0क्यू0 दरों से 10% निम्न दर दिये जाने पर 10% निम्न तक 0.50% प्रति 1.0% कम दर पर तथा 10% से अधिक निम्न दर पर 1.0% प्रति 1.0%, कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफार्मेन्स गारंटी के रूप मे अनुबंध के समय जमा करनी होगी।

10. निविदा खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी। सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

11. निविदा की दरों मे जी0एस0टी0 तथा लेबर सेस सम्मिलित नही हैं। जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।

12. कार्य की मात्रा मे कमी/वृद्धि अथवा विभाजित करने, किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार, उपाध्यक्ष, उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण मे निहित है, जिसके विरूद्ध निविदादाता का कोई क्लेम मान्य नही होगा।

13. निविदा दाता को आयकर विभाग, श्रम विभाग एवं जी0एस0टी0 मे पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। शासन द्वारा समय-समय पर लागू आयकर, लेबर सेस तथा अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिलों से नियमानुसार की जायेगी।

14. उ0 प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियोजन तथा सेवा शर्त विनियम नियमावली वर्ष-2009 के विनियम 24(2) के अंतर्गत श्रम विभाग मे एकल पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अनुबंध गठन के पश्चात उक्त पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

15. स्टेट बार कौंसिल मे पंजीकृत व्यक्ति एवं अपराधिक रेकॉर्ड रखने वाले व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया मे भाग लेने की अनुमति नही है साथ ही निविदादाता का सगा सम्बन्धी (First Blood Relation & Their Dependant) उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण मे कार्यरत है तो उसे भी निविदा मे भाग लेने की अनुमति नही है।

16. निविदा दाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के गलत पाये जाने पर कार्य अनुबन्ध की स्वीकृति को तत्काल निरस्त करते हुये ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर/जमानत धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा ठेकेदार को काली सूची मे डाल दिया जायेगा।

17. निविदादाता द्वारा टू-बिड निविदा की तकनीकी बिड के साथ अपलोड किये जाने वाले प्रपत्र यथा-चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, आवश्यक मशीनरी, बिड कैपेसिटी विवरण (चलित कार्यों के विवरण सहित), तकनीकी स्टाफ से सम्बन्धित विवरण, बैंक प्रमाण-पत्र, लिक्विड एसेट (बैंक सॉल्वेन्सी) एवं शपथ पत्र आदि वैद्यता अवधि के अन्तर्गत के ही अपलोड किये जाने आवश्यक हैं।

18. स्थल परिवर्तन होने की स्थिति मे प्राधिकरण द्वारा कोई अतिरिक्त देयता नही होगी।

19. आमंत्रित निविदा में ऐसे कार्य, जिसमें अन्य विकास कार्यों के साथ-साथ बिटुमिन सड़क सम्बन्धी कार्य भी सम्मिलित हों, ऐसी स्थिति में कार्य की कुल बी0ओ0क्यू0 धनांक से 50 प्रतिशत अधिक के बिटुमिन सड़क सम्बन्धी कार्य जो न्यूनतम् रू0 25.00 लाख की धनराशि से

कम न हो, के बिटुमिन सम्बन्धी कार्य होने पर किराये/लीज पर एवं स्वयं का प्लाण्ट होने पर शपथ पत्र के साथ हॉटमिक्स प्लाण्ट एवं उससे सम्बन्धित टूल्स एण्ड प्लाण्ट की उपलब्धतानुसार को नोटरी से प्रमाणित कराते हुये प्रमाण-पत्र संलग्न करने पर तथा किराये/लीज पर लिये जाने की दशा में निविदादाता फर्म एवं मूल स्वामी के बीच कार्य विशेष हेतु प्राधिकरण में हॉटमिक्स प्लाण्ट में रजिस्टर्ड टेकेदार अथवा लोक निर्माण विभाग/एन.एच.ए.आई. में हॉटमिक्स प्लाण्ट में पजीकृत टेकेदारों (जिसके पास वांछित Tools and Plants हो) से ही अनुबन्ध कराकर अनुबन्ध के प्रपत्र भी तकनीकी बिड के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा, तभी निविदा प्रतिभाग कर सकेंगे अन्यथा प्राप्त निविदा अनर्ह मानी जायेगी। हॉटमिक्स प्लाण्ट प्राधिकरण मुख्यालय/कार्यस्थल से 50 कि0मी0 परिधि में स्थापित होना अनिवार्य होगा। बिटुमिन सड़क सम्बन्धी कार्य में बी0एम0, बी0सी0, एस0डी0बी0सी0, टैक कोट, प्राईम कोट, जी0एस0बी0, डब्लू0एम0एम0 आदि कार्य सम्मिलित हैं।

20. निविदा आमंत्रण सूचना के नियम व शर्तों तथा निविदा प्रपत्रों में उल्लिखित नियम व शर्तों में यदि कोई भिन्नता होती है तो निविदा आमन्त्रण-सूचना की नियम व शर्ते ही मान्य होंगी।

21. तकनीकी बिड में संलग्न किये जाने वाले वांछित प्रपत्रों की नम्बरिंग करते हुये, उनकी विषय सूची (किस पृष्ठ पर कौन सा प्रपत्र संलग्न है) संलग्न करनी आवश्यक होगी। साथ ही वांछित प्रपत्रों का स्वप्रमाणित भी होना आवश्यक होगा।

सचिव
उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण,
उन्नाव

प्रतिलिपि : श्री सुरेन्द्र पाल, प्रोग्रामर ग्रेड-2 को वेब पोर्टल पर अपलोड कर, आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

सचिव